## एक नजर में

### एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट का पशु विकास दिवस संपन्न

**इंदौर.** एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने अपनी प्रमुख पशु कल्याण एवं ग्रामीण आजीविका पहल, पशु विकास दिवस के आठवें संस्करण का सफल समापन किया. 'सर्वोत्तम सेवा: पशु, परिवार और प्रगति' की थीम पर आधारित इस पहल ने पशुओं के स्वास्थ्य, परिवार के कल्याण एवं स्थायी प्रगति को बढ़ावा देकर समग्र ग्रामीण विकास के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को मजबूत बनाया. पशु विकास दिवस पशु मालिकों को नि:शुल्क वेटेरीनेरी सेवाएं और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर उनकी स्वास्थ्यसेवा संबंधी ज़रूरतों को पूरा करता है. रवि नारायणन, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ़ एक्ज़िक्टिव ऑफिसर सर्वोत्तम सेवा सर्वोच्च मानकों की सेवाएं उपलब्ध कराने के बारे में है– जहां सहानुभूति के साथ प्रभाव और इरादे का संयोजन गहरा प्रभाव उत्पन्न करता है. पशु विकास दिवस पशुओं की देखभाल, आजीविका के सशक्तीकरण और समुदायों के कल्याण को समर्थन देकर इस सिस्टम को मजबूत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

### एचडीएफसी बैंक की टेक व डिजिटल फैक्ट्री का शुभारंभ

**इंदौर.** एचडीएफसी बैंक ने गुवाहाटी में अपनी नई टेक और डिजिटल फैक्ट्री का शुभारंभ किया. यह सुविधा असम में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट, इनोवेशन और टैलेंट इनक्यूबेशन के लिए एक सेंटर के तौर पर काम करेगी, जिससे स्टेट में एआई डिजिटल और साइबर सिक्योरिटी टैलेंट पूल को मजबूत करने में मदद मिलेगी. यह सुविधा बैंक की असम में पहली और देश भर में चौथी है. बैंक की अभी मुंबई, बेंगलुरु और गुरुग्राम में टेक और डिजिटल फैक्ट्रियां हैं. इस सुविधा का उद्घाटन असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैज़ाद भरूचा, बैंक के चीफ इन्फॉर्मेशन ऑफिसर रमेश लक्ष्मीनारायण असम सरकार के गणमान्य लोगों और एचडीएफसी बैंक के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में किया. डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैज़ाद भरूचा ने कहा यह फैसिलिटी हमें असम से इंजीनियरिंग टैलेंट को आकर्षित करने में मदद करेगी, जिससे वे अपने घर के पास रहते हुए बैंकिंग सेक्टर में नेक्स्ट-जेनरेशन टेक्नोलॉजी इवोल्यूशन में कंट्रीब्यूट कर सकेंगे.

### अमेजन पोषण लक्ष्य के लिए 'प्रोटीन सप्ताह' मना रहा

**इंदौर.** अमेजन.इन ने विश्व प्रोटीन दिवस के अवसर पर अपने प्रोटीन सप्ताह की शुरुआत करते हुए भारत में वेलनेस क्रांति को नई गति दी है, जो 28 फरवरी तक चलेगा. इस दौरान ग्राहक देश के सबसे भरोसेमंद ब्रांड्स के व्हे प्रोटीन, प्लांट और यीस्ट-आधारित प्रोटीन, सप्लीमेंट्स, प्रोटीन बार और रेडी-टू-ड्रिंक विकल्पों में शीर्ष उत्पादों पर 45% तक की बचत का लाभ उठा सकते हैं. चाहे आप प्रोफेशनल एथलीट हों या फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने वाले उत्साही व्यक्ति, अमेजन.इन ने हर तरह के फिटनेस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विशेष चयन तैयार किया है. वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध व्हे आइसोलेट्स और ऑप्टिमम न्यूट्रिशन गोल्ड स्टैंडर्ड व्हे प्रोटीन जैसे लोकप्रिय ब्लेंड्स से लेकर विशेष रूप से तैयार मास गेनर्स तक, ग्राहक अपने हर फिटनेस लक्ष्य के अनुसार उत्पादों की विस्तृत रेंज खोज सकते हैं.

### महेन्द्र ऋषि का होली चातुर्मास प्रवेश आज



**इंदौर.** होली चातुर्मास हेतु श्रावक संघ ट्रस्ट महावीर भवन द्वारा विनती स्वीकार कर श्रमण संघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषि महाराज एवं हितमित भाषी हितेन्द्र ऋषि महाराज का मंगल प्रवेश गांधी हाल जिला कोर्ट के पास से 26 फरवरी को प्रात: 7.30 बजे जुलूस के साथ महावीर भवन इमली बाजार पर होगा. जुलूस संयोजक रितेश कटकानी ने बताया कि 11 महिला मंडल अपनी-अपनी वेशभूषा में मंगल कलश एवं अन्य धार्मिक चिन्ह ले कर आगे-आगे चलेगें. स्थानकवासी युवक संघ के अध्यक्ष स्वप्नील संचेती ने बताया कि युवक संघ अपनी वेशभूषा में जयकारे, धार्मिक नारे लगाते हुऐ चलेगें. रमेश भंडारी, अचल चैधरी ने बताया कि उपप्रवर्तिनी दिव्य ज्योति जी महाराज का भी होली चातुर्मासिक प्रवेश भी साथ में होगा. डिपीन जैन, प्रकाश भटेवरा, हेमंत बोहरा, राजकुमार पंजाबी एवं ट्रस्ट मंडल ने समस्त संघों, समाजजनों से मंगल जूलूस में पधारने की अपील की है.

### क्रिकेट सीजन ने टूरिज्म को दिया बढ़ावा

**इंदौर.** भारत में आगामी क्रिकेट सीजन से घरेलू पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिल रही है. एयरबीएनबी का नया डाटा दिखाता है कि मैच आयोजित करने वाले मेजबान शहरों के लिए सालाना आधार पर सर्चिंग और बुकिंग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. विशेष रूप से मेट्रो शहरों से इतर शहरों को लेकर यह ट्रेंड दिख रहा है. फरवरी से मई के बीच प्रमुख टूर्नामेंट्स को देखते हुए रांची, तिरुअनंतपुरम, जयपुरऔर लखनऊ जैसे उभरते केंद्रों में ट्रैवल की मांग निकल रही है. यह दिखाता है कि बड़े खेल टूर्नामेंट किस तरह से भारत में टूरिज्म मैप को नया आकार दे रहे हैं. भारत एवं साउथईस्ट एशिया में एयरबीएनबी के कंट्री हेड अमनप्रीत सिंह बजाज ने कहा, 'क्रिकेट ने लंबे समय से देश को एकजुट किया है. अब हम उसी उत्साह को पर्यटन में बदलते देख रहे हैं. अब प्रशंसक खेल के आसपास अपनी ट्रिप प्लान कर रहे हैं. पर्यटक ऐसे घरों को चुन रहे हैं, जहां उन्हें साथ रहने का विकल्प मिले, आसपास की जगहों को ज्यादा सही से देखने का मौका मिले.

### एमेजॉन एमएक्स प्लेयर की साइको सैयां का ट्रेलर रिलीज!

**इंदौर.** एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर ने अपनी आगामी रोमांस थ्रिलर सीरीज़ 'साइको सैयाँ' का आधिकारिक ट्रेलर जारी किया. यह कोई सामान्य प्रेम कहानी नहीं है. जो कहानी एक बड़े, फिल्मी रोमांस की तरह शुरू होती है, वह धीरे-धीरे अपने गहरे और डरावने रूप को दिखाती है, जहाँ प्यार जुनून में बदलने लगता है और चाहत घुटन पैदा करने लगती है. इस सीरीज़ में रवि किशन, तेजस्वी प्रकाश और अनुद सिंह ढाका मुख्य भूमिकाओं में हैं. साथ ही, सृष्टि श्रीवास्तव, सुरभि चांदना, वरुण भगत, अश्विनी कालसेकर और यशपाल शर्मा भी अहम किरदार निभा रहे हैं. उज्जैन, कटनी और जॉर्जिया की पृष्ठभूमि पर आधारित यह ट्रेलर तीखे टकराव, बढ़ती आपराधिक ताकत, भावनात्मक हेरफेर और लगातार कमजोर पड़ते रिश्तों की झलक दिखाता है. एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर के कंटेंट प्रमुख अमोघ दुसाद ने कहा एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर पर हमारा लगातार प्रयास रहता है कि हम ऐसी कहानियाँ लेकर आएँ जो सिर्फ मनोरंजक ही नहीं, बल्कि भावनाओं का एक अलग और खास मिश्रण भी पेश करें. साइको सैयाँ एक पारंपरिक रोमांस की खूबसूरती से शुरू होती है, लेकिन जल्दी ही यह एक गहरी मनोवैज्ञानिक कहानी में बदल जाती है.

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 583 करोड़ का सरकारी भुगतान किया

**इंदौर.** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने चंडीगढ़ स्थित अपनी एक शाखा में हरियाणा सरकार के कुछ विभागों के खातों से जुड़े हालिया मामले पर अपनी पूर्व जानकारी का संदर्भ दिया है. प्रारंभिक जाँच में संकेत मिले हैं कि शाखा के कुछ कर्मचारियों ने कथित रूप से जाली दस्तावेज़ों और भुगतान निर्देशों को क्लियर करने में धोखाधड़ी की और संभव है कि इसमें बाहरी लोगों की मिलीभगत भी रही हो. मामले की फिलहाल संबंधित प्राधिकरणों द्वारा जाँच की जा रही है. जाँच जारी रहने के बावजूद, बैंक ने तुरंत कदम उठाते हुए हरियाणा सरकार के संबंधित विभागों द्वारा दावा की गई मूल राशि और ब्याज का 100% भुगतान कर दिया है, जिसकी कुल राशि 583 करोड़ रुपए है. अंतिम राशि में आगे किसी अतिरिक्त दावे या मिलान प्रक्रिया के आधार पर बदलाव हो सकते हैं. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने हरियाणा सरकार और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के पूर्ण सहयोग से यह स्पष्ट किया है कि वह धोखाधड़ी में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और उन्हें न्याय के कटघरे तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है.

### एक्सिस बैंक ने अड्डा एजुकेशन के साथ की साझेदारी

**इंदौर.** एक्सिस बैंक ने अड्डा एजुकेशन के साथ मिलकर अपने वाणिज्यिक बैंकिंग समूह के लिए रिलेशनशिप मैनेजरों का विशिष्ट कैडर तैयार करने के लिए नियुक्ति- प्रशिक्षण-तैनाती कार्यक्रम लॉन्च किया है। इस पहल का उद्देश्य है, बैंक की तेज़ी से बढ़ती लघु एवं मध्यम उपक्रम (एसएमई) फ्रेंचाइज़ी को मज़बूत करना, जो इसके रणनीतिक प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से एक है. यह कार्यक्रम पारंपरिक उद्योग मॉडल से अलग तरीके से कौशल प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है, जो आरएम को एसएमई ग्राहकों की छोटी-छोटी ज़रूरतों के हिसाब से भूमिका विशेष के लिए आवश्यक क्षमता से लैस करता है. राजकमल वेम्पति, ग्रुप एग्जीक्यूटिव एंड ह्यूमन रिसोर्स हेड, एक्सिस बैंक ने कहा सेवा क्षेत्र भारत की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, ऐसे में रोज़गार के लिए तैयार और भविष्य की ज़रूरतों को पूरा करने वाले कर्मचारियों की ज़रूरत है, खास तौर पर एसएमई जैसे उच्च प्राथमिकता वाले खंड में. हायर-ट्रेन-डिप्लॉय कार्यक्रम, हमें अपने वाणिज्यिक बैंकिंग कारोबार की बदलती ज़रूरतों के हिसाब से उच्च गुणवत्ता वाली, तुरंत तैनाती योग्य टैलेंट पाइपलाइन को बढ़ाने में मदद करता है.

### बीकेटी ने कंज्यूमर टॉयर मार्केट में प्रवेश किया

**इंदौर.** ऑफ-हाइवे टायर सेगमेंट में ग्लोबल लीडर, बालकृष्ण इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीकेटी) ने अपने ऑन हाइवे पोर्टफोलियो के साथ भारत के कंज्यूमर टायर मार्केट में प्रवेश किया. बीकेटी ने टू-व्हीलर तथा मीडियम और हैवी कमर्शियल व्हीकल्स के लिए निर्मित टायर पेश किए, जिससे भारत में तेजी से बढ़ते कंज्यूमर और रिप्लेसमेंट टायर बाजार के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है. यह घोषणा बीकेटी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अरविंद पोद्दार; बीकेटी के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव पोद्दार; बीकेटी के सीनियर प्रेसिडेंट और डायरेक्टर- बिज़नेस डेवलपमेंट और स्ट्रैटेजी, सतीश शर्मा; बीकेटी यूरोप की मैनेजिंग डायरेक्टर लूसिया सलमासो और बीकेटी टायर्स के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर इंडिया महेश कोप्पड़ की मौजूदगी में की गई.

# नगर निगम की अतिरिक्त संपत्तिकर वसूली का जनता पर बोझ

▸ अब प्लॉट की खुली जगह (एमओएस) का भी देना होगा टैक्स




**इंदौर.** शहर की जनता पर नगर निगम द्वारा अतिरिक्त संपत्तिकर वसूली का बोझ बढ़ा दिया है. शहर में अब नगर निगम द्वारा संपत्ति कर में एमओएस का भी टैक्स देना होगा. नगर निगम ने इसके लिए सभी संपत्तिकर खातों में एमओएस की राशि जोड़कर वसूली शुरू कर दी है. एमओएस का मतलब यह है कि प्लाट के खुले हिस्से का भी नगर निगम द्वारा टैक्स लिया जाएगा. इससे नगर निगम को 4 सौ करोड़ रुपए राजस्व की अतिरिक्त वसूली होने की संभावना है. नगर निगम द्वारा शहर के करीब 5.25 लाख संपत्ति कर खातों में एमओएस (मार्जिनल ओपन स्पेस) को जोड़कर संपत्ति कर बिल जारी किए. इससे नगर निगम को 4 सौ करोड़ रुपए अतिरिक्त कर के रूप में मिलने की संभावना है. उक्त अतिरिक्त राशि के वसूली के लिए सभी झोन के सहायक राजस्व अधिकारी और बिल कलेक्टर को सक्रिय किया है, बल्कि वसूली का लक्ष्य भी दे दिया है. निगम का समस्त राजस्व विभाग शहर में वसूली के लिए निकल पड़ा है. नगर निगम ने उक्त एमओएस को टैक्स में शामिल करने का निर्णय राज्य सरकार के अधिनियम में बदलाव के तहत लिया है. राज्य सरकार ने संपत्तिकर की गणना में एमओएस की छूट का प्रावधान खत्म कर दिया है. अब सिर्फ कृषि भूमि की टैक्स में गणना नहीं की जाएगी. बताया जा रहा है कि पहले बड़ी बड़ी संपत्तियों को टारगेट किया है. उसके बाद छोटे प्लॉट और मकान मालिकों से राशि वसूली जाएगी. हालांकि सभी संपत्ति करदाताओं के खाते में एमओएस की राशि जोड़ दी गई है. मतलब यह है कि इस बार शहर की जनता को एमओएस को लेकर लागू किए गए नए प्रावधान अनुसार संपत्ति कर देना होगा.

**एमओएस का संपत्तिकर जमा करने से अतिक्रमण की छूट नहीं:** नगर निगम में पूरे एमओएस का संपत्ति कर जमा करने का मतलब यह नहीं है कि प्लॉट के खुले हिस्से पर निर्माण कर सकते है, वो भवन निर्माण नियम के तहत अवैध और अतिक्रमण की श्रेणी में ही गिना जाएगा.

**ऐसे होगी गणना:** एमओएस की गणना बहुमंजिला इमारतों में प्लॉट की साइज अनुसार सभी फ्लैट मालिकों में बराबर हिस्सा बांटकर संपत्ति कर को गणना होगी. ऐसी तरह कमर्शियल उपयोग के भवनों, मॉल और अन्य जगहों पर भी प्लॉट साइज के अनुसार दुकानदारों और ऑफिस वालो में एमओएस को बराबर बांटकर वसूली की जाएगी.

**2020 में कर दिया था संशोधन**

नगर निगम राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने कहा कि सरकार ने 2020 में ही नगर निगम अधिनियम में संशोधन कर दिया था. अब सरकार ने सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए है, इसलिए एमओएस की गणना संपत्तिकर में की जा रही है.

**क्या है एमओएस:** एमओएस, जिसको मार्जिनल ओपन स्पेस कहते है, प्लॉट का वह खुला हिस्सा जिस पर कोई निर्माण नहीं किया जाता है. नगर निगम भवन निर्माण में उक्त हिस्से को खुला रखने का नियम है. मुख रूप से एमओएस पूरे प्लॉट की साइज अनुसार सामने, पीछे और साइड में छोड़ा जाता है. कहते है कि एमओएस नहीं छोड़ने या कवर कारण को नगर निगम द्वारा अतिक्रमण भी माना जाता है.

# रक्तदान सेवाओं के लिए नाईक को किया सम्मानित



**इंदौर.** श्री अरोड़वंशीय समाज एव ट्रस्ट के द्वारा साउथ तुकोगंज स्थित समाज के सभागृह में हुए एक सामाजिक कार्यक्रम में दीपक विभाकर नाईक रक्तदीप को रक्तदान जागरूकता को लेकर अतिथि वक्ता के रूप आमंत्रित किया गया. दीपक नाईक ने रक्तदान की महती आवश्यकता को लेकर मय उदाहरणों के विस्तार से समझाते हुए उपस्थित लोगों को संबोधित किया. श्री पंजाब अरोड़वंशीय समाज एवं ट्रस्ट के द्वारा हुए इस कार्यक्रम में ऑन पेपर 151 बार रक्तदान करने हेतु दीपक विभाकर नाईक को सम्मानित भी किया गया. ये सम्मान उन्हें विधायक गोलू शुक्ला ने समाज के अध्यक्ष सुनील जुनेजा, ट्रस्ट अध्यक्ष संजय अरोरा, समाज के सचिव गौरव तनेजा, कोषाध्यक्ष तरुण पाहवा की उपस्थिति में प्रदान किया. सम्मान के रूप में उन्हें माला पहनाकर प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया.

# बीआरटीएस हटाने में देरी को लेकर हाईकोर्ट नाराज

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** नगर निगम द्वारा बीआरटीएस सड़क से बस स्टॉप और रैलिंग हटाने में देरी करने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है. आज सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि भोपाल में बीआरटीएस तत्काल हटा दिया गया. इंदौर में नगर निगम के पास अमला होने के बाद भी अभी तक मामला लटका हुआ है. हाईकोर्ट ने एलिवेटेड कॉरिडोर को लेकर भी संबंधित को अगली सुनवाई में पेश होने का आदेश दिए है.

बीआरटीएस सड़क हटाने को लेकर अधिवक्ता अजय बागड़िया ने याचिका दायर की है. उक्त याचिका कर साथ शहर के यातायात और एलिवेटेड कॉरिडोर को लेकर भी बगड़िया की याचिका के साथ हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है. आज हाईकोर्ट के जस्टिस विनय कुमार शुक्ला और आलोक कुमार अवस्थी की डबल बेंच में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान दोनों जस्टिस ने बीआरटीएस सड़क तोड़ने का नगर निगम द्वारा धीमा काम करने पर नाराजगी जताते हुए पूछा कि आखिर कब तोड़ेंगे. निगम की ओर से प्रस्तुत जवाब में 20 फरवरी को 8 एजेंसियों के को देने का बताया गया. अप्रैल तक तोड़ने का समय मांगा. इस पर अधिवक्ता बगड़िया ने कहा कि पहले 15 फरवरी से काम शुरू होने का बताया और अब 20 फरवरी को एजेंसी नियुक्त करने का बताया जा रहा है. हाईकोर्ट ने निगम द्वारा अप्रैल की तारीख और समय देने इनकार कर दिया.



इधर, नगर निगम द्वारा बीआरटीएस सड़क पर बने बस स्टॉप को हटाने के काम में तेजी आ गई है.

**11 मार्च को होगी अगली सुनवाई**

कोर्ट ने अगली सुनवाई 11 मार्च तय करते हुए कलेक्टर और निगम आयुक्त को उपस्थित होने के आदेश दिए. साथ ही हाईकोर्ट ने एलिवेटेड कॉरिडोर पर अभिनव धनोतकर की याचिका पर भी सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग और अधिकारियों को 11 मार्च को उपस्थित होने के आदेश दिए.

# सबके प्रयास से ही हासिल होगा विकसित भारत का लक्ष्य

▸ यूको बैंक जीडी बिड़ला स्मृति व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन



**इंदौर.** यूको बैंक द्वारा देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की समाज विज्ञान अध्ययनशाला में यूको बैंक जी.डी. बिड़ला स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया. व्याख्यान का विषय विकसित भारत-2047 अवसर एवं चुनौतियां रखा गया था. उल्लेखनीय है कि बैंक के संस्थापक घनश्यामदास बिड़ला की स्मृति में बैंक के विभिन्न अंचलों द्वारा प्रतिवर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है.

कार्यक्रम में समाज विज्ञान अध्ययनशाला की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रेखा आचार्य ने अतिथि वक्ताओं एवं यूको बैंक से आए पदाधिकारियों कार्यपालक राकेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक रवीन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक अतुल नीलकंठ एवं प्रबंधक (राजभाषा) डॉ. श्वेता श्रीवास्तव का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया. स्वागत की इस श्रृंखला में यूको बैंक के मुख्य प्रबंधक राकेश कुमार द्वारा प्रोफेसर रेखा आचार्य, जनजातीय अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष सखाराम मुजाल्दे एवं उज्जैन से पधारे राजनीति विज्ञान के संकाय सुमित झा का शॉल एवं पौधे से स्वागत किया गया. सर्वप्रथम राकेश कुमार द्वारा स्वागत संभाषण के माध्यम से कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं आर्थिक, राजनैतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में घनश्याम दास बिड़ला जी के योगदान पर प्रकाश डाला. सखाराम मुजाल्दे ने विकसित भारत के ग्रामीण एवं सुमित झा ने राजनैतिक पहलुओं पर विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े डॉ. भीमराव अंबेडकर समाज विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अंबेडकर नगर, महू के डीन डी.के. वर्मा के शोधपरक विचारों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई. उन्होंने विकसित भारत की संकल्पना को विस्तार देते हुए संभूति की संकल्पना दी, जिसके अनुसार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबके प्रयास से ही हम विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं. प्रो. रेखा आचार्य ने देश की स्वतन्त्रता के समय से अब तक देश के विकास के विषय में संक्षिप्त जानकारी दी. उनके व्याख्यान के पश्चात मैडम को सम्मानस्वरूप स्मृति चिह्न भेंट कर यूको बैंक जी. डी. बिड़ला सम्मान से विभूषित किया गया.

# लेफ्ट टर्न में बाधक चिन्हित कर नियमानुसार हटाएं

▸ निगमायुक्त ने शहर के प्रमुख चौराहों का किया निरीक्षण



**इंदौर.** शहर में सुगम यातायात एवं बेहतर स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा बुधवार को विभिन्न प्रमुख चौराहों का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, कार्यपालन यंत्री पी.एस. कुशवाह एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

निगमायुक्त ने नौलखा चौराहा, वर्ल्ड कप चौराहा, बिचौली मरदाना चौराहा, निरंजनपुर चौराहा, बापट चौराहा, विजयनगर चौराहा, न्याय नगर, लोखंडे ब्रिज के पास तथा सी-21 के पास स्थित चौराहे के लेफ्ट टर्न का स्थलीय निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक चौराहे पर यातायात की वर्तमान स्थिति का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण में बाधा उत्पन्न करने वाले अस्थायी एवं स्थायी निर्माणों को चिन्हित कर नियमानुसार हटाया जाए, ताकि पीक आवर्स में जाम की स्थिति निर्मित न हो. आयुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जहां आवश्यक हो वहां लेफ्ट टर्न को चौड़ा करने, अवैध अतिक्रमण हटाने, रोड मार्किंग स्पष्ट करने एवं संकेतक बोर्ड लगाने की कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जाए. साथ ही ट्रैफिक पुलिस के समन्वय से यातायात प्रवाह को सुचारु बनाए रखने हेतु समग्र कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए.

**एजेंसी पर पेनल्टी लगाने के निर्देश**

निरीक्षण के क्रम में आयुक्त श्री सिंघल ने निरंजनपुर चौराहा के समीप स्थित सार्वजनिक शौचालय का औचक निरीक्षण भी किया. निरीक्षण के दौरान शौचालय एवं मूत्रालय में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई. आयुक्त द्वारा मौके पर संधारित रजिस्टर का अवलोकन किया गया, जिसमें नागरिकों के फीडबैक एवं आगंतुकों की प्रविष्टियां व्यवस्थित रूप से दर्ज नहीं पाई गईं. इस पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसी के विरुद्ध पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए.

**लापरवाही स्वीकार्य नहीं**

निगमायुक्त ने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक सुविधाओं में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए. साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शौचालयों की दैनिक सफाई, फीडबैक रजिस्टर का संधारण एवं गुणवत्ता की सतत जांच की जाए.

# मेट्रो रेल अधिकारियों द्वारा शहर पर थोपी गई

▸ मंत्री और मुख्यमंत्री की पटरी नहीं बैठ रही : उमंग सिंघार

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में मेट्रो रेल को लेकर विधानसभा में कहा कि जनप्रतिनिधियों से राय लिए बिना अधिकारियों ने मेट्रो रेल थोप दी, जिसकी जरूरत नहीं थी. इसके बाद नेता प्रतिपक्ष ने बाहर मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मंत्री और मुख्यमंत्री के पटरी नहीं बैठ रही है और इंदौर भोपाल के साथ प्रदेश की जनता भुगत रही है. दरअसल कल विधानसभा में विधायक जयवर्धन सिंह, भंवरसिंह शेखावत और अन्य ने मेट्रो रेल को लेकर सवाल पूछा और मेट्रो को लेकर कहा कि 11 किलोमीटर में खाली चल रही है. इस पर मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि मेट्रो रेल की शहर में जरूरत नहीं थी. मेट्रो को इंदौर-देवास, इंदौर-महू और इंदौर उज्जैन का प्रस्ताव किया था. अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिया ही नहीं और शहर में मेट्रो थोप दी. मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि मेट्रो के दूसरे चरण में जनता को फायदा मिलेगा.

**आपसी लड़ाई का खामियाजा**

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधानसभा के बाहर मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री के बीच जमकर खींचतान चल रही है. मुख्यमंत्री, मंत्री को फ्री हैंड नहीं देना चाहते तो इस्तीफा लें और इस्तीफा नहीं लेना है तो मंत्री को काम करने दें. भाजपा सरकार के नेताओं आपसी लड़ाई का खामियाजा प्रदेश की जनता भुगत रही है. फिर वह मास्टर प्लान हो या अन्य कार्य.

एक नजर में ▸ स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर्स के साथ बैठक

# स्वच्छता गतिविधियों के साथ नागरिकों को करेंगे जागरूक



**इंदौर.** स्वच्छता के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराते हुए नगर पालिक निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को और गति दे दी है. महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण के प्रभावी प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से निगम अपर आयुक्त प्रखर सिंह की उपस्थिति में सिटी बस ऑफिस सभागृह में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर्स के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई.

बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत चयनित स्वच्छ इंदौर के ब्रांड एंबेसडर पद्मश्री सतेंद्र सिंह लोहिया, पुनीत कुमार द्विवेदी, प्रबल जैन, आरती माहेश्वरी, आरजे नीतू, आरजे साक्षी, आरजे विनी, आरजे शिव, संध्या घावरी एवं श्री गुंजन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे. बैठक के दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण की नवीन गाइडलाइन, मूल्यांकन बिंदुओं एवं नागरिक सहभागिता के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई. निगम अधिकारियों द्वारा ब्रांड एंबेसडर्स को विभिन्न स्वच्छता अभियानों, जागरूकता रैलियों, सोशल मीडिया कैंपेन, विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर संवाद कार्यक्रमों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित किया गया.

**जागरूकता अभियान चलाएंगे:** बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में शहर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता जनजागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, जिनमें ब्रांड एंबेसडर्स की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी. साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नियमित स्वच्छता संदेश प्रसारित कर नागरिकों को स्वच्छ सर्वेक्षण में अधिकाधिक सहभागिता के लिए प्रेरित किया जाएगा.

**प्रेरक वीडियो डालें...**

अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने कहा कि इंदौर की पहचान देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में स्थापित है और इस गौरव को बनाए रखने में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है. उन्होंने सभी ब्रांड एंबेसडर्स से आग्रह किया कि वे अपने प्रेरक वीडियो संदेशों, रेडियो कार्यक्रमों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स एवं सार्वजनिक आयोजनों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें तथा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, स्रोत पर कचरा पृथक्करण, सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त शहर एवं जन-सहभागिता आधारित स्वच्छता जैसे विषयों को व्यापक रूप से प्रसारित करें.